निर्धारित समय -1.30 घंटे कक्षा – ग्यारहवीं

विषय- हिंदी (केन्द्रिक) अधिकतम अंक –40

निम्नलिखित सामान्य निर्देशों का पालन कीजिए :
- सभी प्रश्न करने अनिवार्य है | सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने अंकित हैं |
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें |

| | | |
|---|---|---|
| | खंड `अ` ( वस्तुपरक प्रश्न ) | |
| **प्रश्न 1-** | दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर किन्ही **चार** प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए। | **1X4=4** |
| | "नम्रता ही स्वतंत्रता की जननी है" यह कथन उचित है। लोग भ्रमवश अहंकार को स्वतंत्रता की जननी मान लेते हैं, किंतु उन्हें इस बात का उचित ज्ञान नहीं होता कि अहंकार स्वतंत्रता का गला ही घोंट सकता है \| स्वतंत्रता में स्वाभिमान अवश्य अनिवार्य तत्व है किंतु स्वाभिमान को अहंकार तक संकुचित करना उचित नहीं है।<br>स्वतंत्रता में स्वाभिमान तथा नम्रता दोनों का संयोग जरूरी है \| यह बात निश्चित है कि जो मनुष्य मर्यादापूर्वक जीवन व्यतीत करना चाहता है, उसके लिए स्वाभिमान तथा नम्रता जरूरी है। इससे निर्भरता आती है तथा हमें अपने पैरों पर खड़े होना आता है। आज युवा वर्ग अपनी आकांक्षाओं तथा योग्यताओं के कारण बहुत आगे निकल गया है, लेकिन उसे ध्यान रखना चाहिए कि वह अपने बड़ों का सम्मान करे तथा बराबर के लोगों से कोमलता का व्यवहार करे । यह आत्म मर्यादा के लिए आवश्यक है। | 1 |
| (i) | वर्तमान समय में युवा वर्ग की क्या स्थिति है ?<br>1) युवा वर्ग अपने से बड़ों की भावनाओं का ध्यान रखता है \|<br>2) युवा वर्ग अपनी आकांक्षाओं और योग्यताओं के कारण बहुत आगे निकल गया है \|<br>3) युवा वर्ग अपनी स्वतंत्रता का गला घोट सकता है \|<br>4) युवा वर्ग अधिक विनम्र है \| | 1 |
| (ii) | स्वतंत्रता का नम्रता तथा स्वाभिमान से क्या संबंध है ?<br>1) स्वाभिमान के बिना नम्रता का होना व्यर्थ है \|<br>2) स्वतंत्रता में स्वाभिमान तथा नम्रता दोनों का संयोग जरूरी नहीं है\|<br>3) स्वतंत्रता में स्वाभिमान तथा नम्रता दोनों का संयोग जरूरी है \|<br>4) केवल स्वाभिमान का होना ही आवश्यक है \| | 1 |
| (iii) | मर्यादापूर्वक जीवन जीने के लिए क्या आवश्यक है ?<br>1) नम्रता और अभिमान दोनों<br>2) केवल स्वाभिमान<br>3) स्वाभिमान और नम्रता दोनों<br>4) इनमें से कोई भी नहीं | 1 |
| (iv) | लोग भ्रमवश क्या उचित मान लेते हैं ? | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | 1) लोग भ्रमवश अहंकार को स्वतंत्रता की जननी मान लेते हैं ।<br>2) लोग भ्रमवश स्वतंत्रता को अहंकार की जननी मान लेते हैं ।<br>3) दोनों विकल्प सही है ।<br>4) दोनों विकल्प सही नहींहैं । | |
| (V) | मर्यादापूर्वक जीवन जीने के लिए क्या आवश्यक है ?<br>क) नम्रता और अभिमान दोनों<br>2) केवल स्वाभिमान<br>ग) स्वाभिमान और नम्रता दोनों<br>घ) इनमें से कोई भी नहीं | 1 |
| प्रश्न-2 | दिए गए प्रश्नों को पढ़कर किन्ही **तीन** प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए। | 1x3=3 |
| (i) | संचार के प्रमुख तत्त्व इनमे से कौन सा नहीं है ?<br>क) फीडबैक ख) डिकोडिंग<br>ग) सोशल मिडिया घ) शोर | 1 |
| (ii) | एक समाचार पत्र में पूर्णकालीन पत्रकार होता है।<br>क) नियमित कर्मचारी ख) स्वतंत्र रूप से कार्य करने वाला<br>ग) कभी कभी कार्य करने वाला घ) इनमें से कोई भी नहीं | 1 |
| (iii) | एडवोकेसी पत्रकारिता में<br>क)सरकार का पक्ष लेना होता है ख) किसी मुद्दे पर लोगों को एकमत करना<br>ग)नेताओं,उद्धयोगपतियों आदि की खबरे घ)इनमें से कोई भी नहीं | 1 |
| (iv) | संचार का कार्य है -<br>क) फीडबैक देना ख) शोर को रोकना<br>ग) सरकार पर निगरानी रखना घ)शिक्षित करना | 1 |
| प्रश्न-3 | दिए गए पठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही **चार** प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए। | 1x4=4 |
| (i) | **कथन अ**- कबीर के अनुसार ईश्वर को सहज तरीकों से प्राप्त किया जा सकता है ।<br>**कथन ब**- कबीर ने ईश्वर प्राप्ति के लिए तीर्थ को अनिवार्य बताया है ।<br>1- कथन अ सत्य है<br>ख- कथन ब सत्य है<br>ग- कथन अ और ब दोनों सत्य है<br>घ- कथन अ और ब दोनों असत्य है | 1 |
| (ii) | कथन - i-कबीरदास जी ने ईश्वर एक है इसके लिए राम और कृष्ण का उदाहरण दिया है।<br>ii- कबीरदासजी ने ईश्वर के एक स्वरूपों को जाना है ।<br>iii- कबीरदासजी ने ईश्वर की तुलना कुम्हार से की है ।<br>1) केवल (i) तथा (ii) सही है<br>2) केवल (ii) तथा (iii) सही है<br>3) केवल (i) तथा (iii) सही है<br>4) (i) ,(ii) तथा (ii) तीनों सही है | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (iii) | मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई…<br>क- राजस्थानी मिश्रित ब्रज भाषा ख- अवधि<br>ग- ब्रज घ- खड़ी बोली हिन्दी | 1 |
| (iv) | कबीर ``जैसे बाढी काष्ट ही काटे अग्नि न काटे कोई``पंक्ति के माध्यम से क्या स्पष्ट करना चाहते है ?<br>क-ईश्वर की सर्वव्यापकता को ख- माया के प्रभाव को<br>ग-घमंड को घ-इनमे से कोई नहीं | 1 |
| प्रश्न-4 | दिए गए पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्ही **चार** प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए। | 1x4=4 |
| (i) | **पं.**अलोपीदीन ने किस सहारे को चट्टान की भाँति समझ रखा था **?**<br>(क) धर्म (ख) दोस्त<br>(ग) धन (घ) पहुँच | |
| (ii) | निम्नलिखित कालम का मिलन कीजिए | |

| कालम-1 | | कालम-1 | |
|---|---|---|---|
| 1 | मासिक वेतन | i | बहता स्रोत |
| 2 | ऊपरी कमाई किसकी देन है | Ii | पूर्णमासी के चाँद |
| 3 | ऊपरी कमाई | Iii | ईश्वर की |

1) 1-(i) 2-(ii) 3-(iii)
2) 1-(ii) 2-(ii) 3-(iii)
3) 1-(i) 2-(iii) 3-(ii)
4) 1-(ii) 2-(iii) 3-(i)

| | | |
|---|---|---|
| (iii) | **"न्याय और नीति सब लक्ष्मी के ही खिलौने है" \| कथन किसका है** ?<br>(क) वृद्ध मुंशी का (ख) बदलू का<br>(ग) अलोपीदीन का (घ). वंशीधर के पिता | |
| (iv) | पंडित अलोपीदीन के विषय में कौन सा कथन सहीं नहीं है<br>1) पंडित अलोपीदीन दातागंज के जमीदार थे।<br>2) पंडित अलोपीदीन नमक की कालाबाजारी कर रहा था<br>3) पंडित अलोपीदीन को न्याय पर अखंड विश्वास था<br>4) अलोपीदीन हथकड़ियां देखकर मूर्छित होकर गिर पड़े | |
| प्रश्न-5 | निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प छाँटकर लिखिए: | 1x3=3 |
| (i) | **लता से पूर्व किस प्रसिद्ध गायिका का जमाना था?**<br>क- नूरजहाँ, सुरया ख-आशा भोसले, अल्का यागनिक<br>3- उषा मंगेशकर घ-अनुराधा पोडवाल | 1 |
| (ii) | भारतीय फिल्मों में किस संगीत की धुनों का अधिक प्रयोग किया गया?<br>क-शास्त्रीय संगीत ख-लोक संगीत धुन<br>ग-पाश्चात्य संगीत घ -मिश्रित संगीत | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (iii) | शास्त्रीय संगीत का स्थायीभाव है-<br>क-जलदलय ख-गंभीरता<br>ग-चपलता घ-उपर्युक्त में से कोई भी नही | 1 |
| (iv) | कृषि संबंधी गीतों को किस प्रकार की संगीत धुनों के अन्तर्गत रखा जा सकता है?<br>क-लोक संगीत धुन ख-पाश्चात्य संगीत धुन<br>ग-शास्त्रीय संगीत धुन घ-मिश्रित संगीत धुन | 1 |
| प्रश्न -6 | अपने मौहल्ले में वर्षा के कारण जल भराव से उत्पन्न हुई मौसमी बीमारियों की ओर ध्यान आकृष्ट करवाते हुए नगर-पालिका के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए\| **अथवा**<br><br>मुहल्ले में दिन-प्रतिदिन बढ़ते बिजली संकट को लेकर विद्युत विभाग के मुख्य अभियन्ता को पत्र लिखिए। | 4 |
| प्रश्न -7 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों में से किन्ही **दो** प्रश्नों के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए : | 2x2=4 |
| (i) | समूह संचार एवं जनसंचार की विशेषता बताए? | |
| (ii) | संचार के तत्व कौन-कौन से है स्पष्ट करें | |
| (iii) | पत्रकारिता के किंही तीन प्रकारों का वर्णन कीजिए। | |
| प्रश्न-8 | निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों में से किन्ही **दो** प्रश्नों के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए : | 2x2=4 |
| (i) | कबीर ने किन लोगों को नरक का अधिकारी माना है? | |
| (ii) | मीरा ने “सहज मिले अविनासी” क्यों कहा है ? | |
| (iii) | मेरे तो गिरधर गोपाल ,दूसरो न कोई जा के सिर मोर-मुकुट ,मेरो पति सोई<br><br>छाड़ि दयी कुल की कानि,कहा करिहै कोई ? संतन ढिग बैठी-बैठी ,लोक-लाज खोई।<br><br>प्रस्तुत काव्यांश में प्रयुक्त अलंकार छाँटो। | |
| प्रश्न-9 | निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों में से किन्ही **एक** प्रश्नों के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए : | 1x3=3 |
| (i) | मेरे तो गिरधर गोपाल ,दूसरो न कोई जा के सिर मोर-मुकुट ,मेरो पति सोई<br><br>छाड़ि दयी कुल की कानि,कहा करिहै कोई ?संतन ढिग बैठी-बैठी ,लोक-लाज खोई।<br><br>(क) प्रस्तुत काव्यांश की भाषा की विशेषताएँ बताओ।<br><br>(ख) प्रस्तुत काव्यांश में प्रयुक्त अलंकार छाँटो। | |
| (ii) | कबीर ने किस प्रकार सिद्ध किया है कि ईश्वर एक है? उदाहरण सहित लिखे । | |
| प्रश्न-10 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों में से किन्ही **दो** प्रश्नों के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए : | 2x2=4 |
| (i) | नमक का दारोगा’ कहानी के कोई दो अन्य शीर्षक बताते हुए उसके आधार को भी स्पष्टकीजिए। | |

| | | |
|---|---|---|
| (ii) | ‘नमक का दारोगा’ कहानी “धन पर धर्म की विजय” की कहानी है। प्रमाण द्वारा स्पष्ट कीजिए। | |
| (iii) | कहानी का कौन-सा पात्र आपको सर्वाधिक प्रभावित करता है और क्यों? | |
| प्रश्न-11 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों में से किन्ही **एक** प्रश्नों के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए : | 1x3=3 |
| (i) | लेखक ने लता की गायकी की किन विशेषताओं को उजागर किया है? आपको लता की गायकी में कौन-सी विशेषताएँ नज़र आती हैं? उदाहरण सहित बताइए। | |
| (ii) | चित्रपट संगीत ने लोगों के कान बिगाड़ दिए’ -अकसर यह आरोप लगाया जाता रहा है। इस संदर्भ में कुमार गंधर्व की राय और अपनी राय लिखें। | |